Maharashtra State Board (MSBSHSE)

H.S.C 2015 - 2016 October

12th Board Exam

Hindi

www.shaalaa.com

# हिंदी

समय : ३ घंटे ) अक्तूबर - २०१५ ( अंक : ८०

सूचना : *उत्तरों में शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।*

**प्र.१.(अ) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए :** (४) [८]

(१) मजदूर किसके साथ काम कर चुका था ?
(अ) राज मिस्त्री (ब) सूरज मिस्त्री (क) अजय मिस्त्री

(२) गुरुदेव को मैना में .............. भाव दिखाई दिया।
(अ) उत्साह (ब) करुण (क) रौद्र

(३) त्यागी जी काफी बड़े .................. हैं।
(अ) आदमी (ब) नेता (क) अफ़सर

(४) पूरे शहर पर .............. का यह कहर था।
(अ) भय (ब) खौफ़ (क) चिंता

**(आ) निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर केवल एक-एक वाक्य में लिखिए:** (४)

(१) "भारतवर्ष में बाबू साहिबी की बीमारी दिनों-दिन बढ़ रही है और शोक के साथ कहना पड़ता है कि यदि किसी ने इस मर्ज की दवा शीघ्र न निकाली तो यह बीमारी असाध्य हो जाएगी।"

प्रश्न:(१) उपर्युक्त कथन द्वारा लेखक क्या कहना चाहते हैं?
(२) बाबू साहिबी की बीमारी कहाँ फैल रही है?
(३) लेखक किस बीमारी की दवा शीघ्र निकालने को कहते हैं?
(४) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ का है?

(२) "सोना भी इसी प्रकार अचानक आई थी, परंतु वह तब तक अपनी शैशवावास्था भी पार नहीं कर सकी थी। सुनहरे रंग के रेशमी लच्छों की गाँठ के समान उसका कोमल लघु शरीर था।"

प्रश्न: (१) उपर्युक्त वर्णन किस पाठ का है और किससे संबंधित है?
(२) 'सोना' किसका नाम था?
(३) सोना का शरीर कैसा था?
(४) उपर्युक्त गद्यांश में किसके सौंदर्य का वर्णन किया गया है?

**प्र.२.(अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ८० शब्दों में हों : (८) [१४]**

(१) बुआ ने अन्नू को पहाड़ पर ले जाते समय कौन-कौन से निर्देश दिए?
(२) बदलूराम का परिचय दीजिए।
(३) कहानी में 'सूरजमल' पात्र किन बातों को व्यक्त करता है?
(४) चित्रगुप्त को फॉर्म क्यों भरना पड़ा?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १२० शब्दों में लिखिए :** (६)

(१) 'युवाओं से' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
(२) शनि ग्रह का वैज्ञानिक परिचय दीजिए।
(३) प्रस्तुत पाठ के आधार पर रवींद्रनाथ जी का स्वभावगत विशेषताएँ लिखिए।

Visit www.shaalaa.com for more question papers

प्र.३.(अ) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पंक्ति फिर से लिखिए : (४) [८]

(१) अतल कूप खुद जाते हैं, बच्चों के ………… में।

(अ) मानस (ब) मन (क) धन

(२) बुलडोजर की ………… में चिरनिद्रा में सो गया।

(अ) चरमराहट (ब) घरघराहट (क) खड़खड़ाहट

(३) प्रभु जी तुम स्वामी, हम दासा, ऐसी …… करै रैदासा।

(अ) प्रगति (ब) उन्नति (क) भगति

(४) बचाना है नदियों को ………… हो जाने से।

(अ) गंदा (ब) नाला (क) मैला

(आ) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (४)

(१) "प्रभु जी तुम चंदन, हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी।
प्रभु जी तुम दीपक, हम बाती,
जाकी जोति बरै दिन राती"

<u>प्रश्न:</u> (१) प्रस्तुत पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखिए। (२) चंदन किसे कहा गया है?
(३) बाती किसे कहा गया है? (४) पानी किसे कहा गया है?

अथवा

(२) "मेरी हार देश की जय हो,
स्वार्थभाव का क्षण-क्षण क्षय हो,
जल-जलकर जीवन दूँ जग को,
बस इतना सम्मान चाहिए।"

<u>प्रश्न:</u> (१) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता का है?
(२) कवि किसकी जय चाहते हैं?
(३) कवि किसका क्षय चाहते हैं?
(४) कवि किस तरह का सम्मान चाहते हैं?

प्र.४.(अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ६० शब्दों में हों: (६) [१०]

(१) कवि के अनुसार किस तरह की 'वाणी' बोलनी चाहिए?

(२) उद्योगहीन आदमी कैसा होता है?

(३) कवि टूटे हुए धागों को क्यों उठा रहे हैं?

(४) इलाहाबाद के पथ पर कवि ने क्या देखा?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए : (४)

(१) 'वृद्धाएँ धरती का नमक हैं' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए।

(२) 'बहुत याद आता है' कविता में प्रयुक्त गाँव का वर्णन कीजिए।

(३) 'नीतिवचन' कविता द्वारा कवि क्या कहना चाहता है?

प्र.५.(अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए : (४) [१०]

(१) अहिंसा के बारे में महात्मा गांधी के विचार स्पष्ट कीजिए।

(२) बिल गेट्स का कम्प्यूटर ज्ञान कब और कैसे शुरू हुआ?

(३) दीर्घायु होने के उपाय पर लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए।

Visit www.shaalaa.com for more question papers

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग ६० शब्दों में हों: (६)
(१) डॉ. भीमराव अंबेडकर का आदर्श छात्र के रूप में अध्ययन।
(२) मंत्री की राजा को सलाह।
(३) 'टफ्स' का संक्षिप्त परिचय।
(४) ध्यानचंद का देशप्रेम।

अथवा

(आ) निम्नलिखित में से किसी एक पाठ का सारांश लगभग १२० शब्दों में लिखिए :
(१) अहिंसा की शक्ति। (२) महान विभूतियाँ।

प्र.६.(अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के रचना के अनुसार भेद पहचानकर लिखिए : (२) [१०]
(१) सरकार ने स्थान-स्थान पर प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र खोल दिए हैं।
(२) अंधेरा होते ही वह मेरे पलंग के पास आ बैठती और फिर सबेरा होने पर ही बाहर निकलती।
(३) अब बहुत कम मजदूर बचे थे, जो बचे थे वे लौटने लगे थे।

(आ) कोष्ठक की सूचना के अनुसार किन्हीं दो वाक्यों का काल परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए: (२)
(१) नौ बजते ही नहाना शुरू होगा। *(सामान्य वर्तमान काल में परिवर्तित कीजिए।)*
(२) अब मुझे साफ-साफ मालूम हो रहा है। *(पूर्ण वर्तमानकाल में परिवर्तित कीजिए।)*
(३) अश्रम के अधिकांश लोग बाहर चले गए थे। *(सामान्य भविष्यत्काल में परिवर्तित कीजिए।)*

(इ) (i) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द को उचित प्रत्यय लगाकर भाववाचक संज्ञा का रूप लिखिए :(१)
(अ) सुरक्षा (ब) चंचल

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण रूप लिखिए : (१)
(अ) भूख (२) हत्या

(ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर उचित वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (२)
(१) पैरों पर लोटना। (२) दिमाग सातवें आसमान पर होना।
(३) पिंड न छोड़ना। (४) रूह काँपना।

(उ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो को वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए: (२)
(१) शनि एक राशी में करीब ढाई साल तक रहती है।
(२) पाणी, जो जिवन का आधार है।
(३) ना मरता है और ना अस्पताल ही छोड़ता है।

प्र.७. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २०० शब्दों में निबंध लिखिए : [१०]
(१) विज्ञान और मनोरंजन। (२) भारत में जनसंख्या विस्फोट।
(३) आज की भारतीय नारी। (४) किसान की आत्मकथा।
(५) यदि परीक्षाएँ न होतीं......।

प्र.७(अ) निम्नलिखित अपठित गद्यखंड पढ़कर उस पर आकलन हेतु पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर एक-एक वाक्य में हों। (५) [१०]

हिंदी हमारी राजभाषा है। यह हमारी अस्मिता की पहचान है। हिंदी हमारे विचारों के आदान-प्रदान का सरल माध्यम है। हम यह झूठा वहम पाले हुए हैं कि बिना अंग्रेजी सीखे हम नहीं समझ पाएँगे। सभी देश अपनी भाषा का प्रयोग कर गौरव का अनुभव करते हैं। अंग्रेजी को ज्ञान-विज्ञान का वातायन कहना भी निरी मूर्खता है — [illegible] आगे बढ़े हैं। अंग्रेजी का प्रयोग करने वालों

Visit www.shaalaa.com for more question papers

से वे कम नहीं हैं। अब हिंदी भाषी में प्रत्येक विषय पर अच्छी पुस्तकें उपलब्ध हैं। अब तो बस पक्के इरादों की आवश्यकता है। हमें हिंदी के प्रयोग का आदर करना चाहिए, इसीसे हमारी एकता मजबूत होगी और राष्ट्र का विकास होगा।

अथवा

(अ) उपर्युक्त गद्यखंड का एक तिहाई (१/३) अपने शब्दों में सार लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए : (५)
(सार अपने शब्दों में हो।)

**(ब) निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए :** (५)
३०, गांधी मार्ग, औरंगाबाद से प्रतीक / प्राची देसाई, व्यवस्थापक, नवयुग प्रकाशन, गिरगाँव, मुंबई-४ को कुछ शालोपयोगी पुस्तके मंगाने हेतु पत्र लिखता / लिखती है।

अथवा

**(ब) नीचे दिए गए विषय पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए :** (५)

आप एक नई साइकिल कंपनी के एजेंट हैं और आपकी साइकिल की अधिकतम मात्रा में खपत होने हेतु आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

Visit www.shaalaa.com for more question papers